वार्तालाप नं. 251 अरक्कोनम वार्तालाप ताः 15.2.07
Discussion CD No.251, Arakonam, dated 15.2.07

समय–00.00
जिज्ञासू – ब्राह्मण फैमेली में छोटे2 बच्चे सभी हैं ना बाबा। पांच साल, सात साल, दस साल बच्चे सभी। उसका स्टेज क्या होगा?
बाबा – अच्छी स्टेज होगी ।
जिज्ञासू – नहीं, वो भट्ठी करेंगे कि .....
बाबा – ज्ञान तो नहीं उतना समझेंगे; लेकिन वो छोटे2 बच्चे जो ज्ञान में आते हैं उससे ये साबित होता है कि पूर्व जन्म में ज्ञान में चल चुके हैं। इसलिए उन्होंने भले ज्ञान इतना नहीं उठाया है; तो भी पूर्व जन्म का प्रारब्ध है वो उनको बाबा के सामने ले आता है। ज्ञान में चलने वाले जो बच्चे हैं उनकी प्रीत साकार बाबा के साथ जितनी जुटती है उतनी औरों की नहीं जुट पाती। उनकी बुद्धि में बाबा की याद छप जाती है और जो विकारी मनुष्य हैं उनकी बुद्धि में याद उतनी नहीं टिकती।
Time: 00.00
Someone asked – Baba, there are small children in the Brahmin family. There are children of all ages like those aged five years, seven years, and ten years. What will be their stage?
Baba replied – Their stage will be good.
Someone asked – No, will they do *bhatti* or…
Baba replied – They will not understand the knowledge to that extent, but the fact that those small children enter the path of knowledge proves that they have followed the path of knowledge in the past birth. That is why although they have not grasped so much knowledge; still the fruit of their past birth brings them in front of Baba. The extent to which the children, who follow the path of knowledge, love Sakar[the corporeal] Baba, others are not able to love to that extent. Baba's remembrance gets imprinted on their intellect and the remembrance does not remain constant in the intellect of the vicious human beings to that extent.

समय–24.00
जिज्ञासू – सेवा भी करना अलग 2 है ना, बाबा। एक तो शरीर से करना, एक तो वाचा से करना।
बाबा – चाहे कर्मणा सेवा हो, चाहे वाचा सेवा हो, चाहे मनसा सेवा हो, है सबके सौ नम्बर। कर्मणा सेवा के भी सौ नम्बर।
जिज्ञासू – सौ नम्बर माना?
Time: 24.00
Someone asked – Baba, service is also of different kinds, isn't it? One kind is doing (service) through the body; one is doing (service) through the words.
Baba replied: Whether it is service through actions, whether it is service through words, whether it is service through the mind, there are hundred numbers (i.e. marks) for each one of them. There are hundred numbers (i.e. marks) for service through actions as well.
Someone asked – What does 'hundred number' (i.e. marks) mean?

बाबा – हन्ड्रेड परसेन्ट (100%) मार्क्स और वाचा सेवा करने वालों को भी हन्ड्रेड परसेन्ट (100%) मार्क्स, कर्मेन्द्रियों से सेवा करने वालों को भी हन्ड्रेड परसेन्ट (100%) मार्क्स और जो मनसा से सेवा करते हैं उनको भी हन्ड्रेड परसेन्ट (100%) मार्क्स; लेकिन अगर कोई कर्मणा से सेवा नहीं करता है सिर्फ वाचा सेवा ही करता है तो हन्ड्रेड परसेन्ट (100%) मार्क्स

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

उसके कम हो जाऐंगे ना। बहुत से ऐसे होते हैं बहुत ज्ञान सुनायेंगे, सेन्टरों में रहकर ज्ञान सुनाने की अच्छी सेवा करते हैं; लेकिन कर्मणा सेवा कुछ भी नहीं आती और करते भी नहीं हैं तो सौ मार्क्स उनके कम हो जायेंगे ना। घाटा पड़ेगा या फायदा होगा? घाटा पड़ जाएगा। इसलिए आलराउन्डर होना चाहिए। मनसा में भी तीखे, वाचा में भी तीखे और कर्मणा सेवा करने में भी तीखे।

Baba replied – Hundred percent marks (for those who do service through actions) and hundred percent marks for those who do service through words as well. Hundred percent marks for those who do service through bodily organs as well as for those who do service through mind. But if someone does not do service through actions, and does service only through words, then hundred percent marks will get reduced for them, won't it? There are many such children, who narrate a lot of knowledge, they do very good service of narrating knowledge while living in the centers, but they do not know any service through actions, and do not even do such service. So, they will fall short of hundred marks, won't they? Will they lose or will they gain? They will lose. That is why one should be an all rounder. One should be clever in (service through) mind as well as (service through) words, and in service through actions as well.

जिज्ञासू – मनसा सेवा कैसे?

बाबा – मनसा सेवा वही तीखी कर सकेंगे जिनका मन एक में लगा होगा। अगर अनेकों में मन भागता है तो मन कमज़ोर हो जाएगा। अरे भाई, ये सब आत्मायें बैटरीज् है ना। कोई छोटी बैटरी, कोई बड़ी बैटरी; लेकिन जो भी बैटरीज् है वो बैटरी का बैटरी से कनेक्शन किया जाएगा तो क्या होगा? दूसरी बैटरी डिसचार्ज होगी। एक है जनरेटर, कितना भी कनेक्शन करो वो बढ़ता ही जाएगा, कम नहीं होगा। तो शिव क्या है? जनरेटर है। उससे अगर योग लगाऐंगे तो बढ़ता ही जाएगा।

Someone said – How should one do service through mind?

Baba replied: Only they will be able to do fast service through the mind, whose mind is focussed on one. If the mind runs towards many then the mind will become weak. Arey brother, all these souls are batteries, are they not? Some are small batteries; some are big batteries, but all the batteries, what happens when one battery is connected with another battery? The other battery will get discharged. One is the generator. However many connections you make, it [the power] will go on increasing. It will not decrease. So, what is Shiv? He is a generator. If you establish *yog* (connection) with Him, then it [the power] will keep on increasing.

Note: The words in italics are Hindi words. The words in brackets are words added by the translator for better understanding of the translation in English.

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info